आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार— 23.03.2024
समय 1830

<u>मुख्य समाचार :—</u>

- राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने कहा—— सरकार जनता के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास कर रही है।
- लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में राजनीतिक पार्टियां अपने प्रचार में जुटी। भाजपा प्रत्याशी त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने रूड़की, कांग्रेस उम्मीदवार गणेश गोदियाल ने यमकेश्वर व लैंसडाउन में अपनी पार्टी के पक्ष में वोट की अपील की।
- आपदा प्रबंधन सचिव डॉक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा— बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा और दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी देना समय की मांग।
- प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में होली की धूम। होल्यार घर—घर जाकर खेल रहे हैं होली।

<u>राज्य सरकार — दो साल</u>
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रही है। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए हेल्पलाइन नंबर और ऐप के ज़रिये भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें दर्ज करायी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए जरूरी बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से प्रदेश के कई विभाग फायदे में आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश—दुनिया के नक्शे पर आकर्षण का केंद्र बन रहा है। दुनियाभर से लोग यहां आना चाहते हैं और निवेश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि निवेश सम्मेलन में हस्ताक्षर किए गए 81 हजार करोड़ रुपए के अनुबंधों को धरातल पर लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तराखंड सरकार जहां अपनी उपलब्धियां जनता तक ले जाने का प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस ने आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र और राज्य सरकार की विफलताओं की बात की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने देहरादून में अंकिता हत्याकांड से लेकर कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए।

<u>लोकसभा चुनाव— उत्तराखण्ड परिदृश्य</u>
लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही उत्तराखण्ड में राजनीतिक पार्टियां अपने प्रचार में जुट गई हैं। भारतीय जनता पार्टी के हरिद्वार संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने आज रुड़की में जनसभा को संबोधित किया और अपने पक्ष में जनता से समर्थन मांगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे त्रिवेन्द्र सिंह रावत को अपना वोट देकर भाजपा को जीत दिलाने में योगदान दें। उधर, गढ़वाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने आज यमकेश्वर और लैंसडाउन में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगा। वही, आज डम्टा में टिहरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुंसोला ने जनसंपर्क के दौरान क्षेत्रीय जनता से बातचीत की। उन्होंने जनता से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस बीच, झबरेडा से पूर्व बसपा विधायक हरिदास और बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य ब्रजवाल भाजपा में शामिल हो गए हैं। गौरतलब है कि राज्य में पहले चरण में चुनाव होना है और इसके लिए नामंकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर अभी तक 9 नामांकन हो चुके हैं।

स्वच्छता अभियान

सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल के पूर्व छात्रों ने स्कूल के स्थापना दिवस अवसर पर रुद्रप्रयाग स्थित तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ और चोपता घाटी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। घोड़ाखाल ओल्ड ब्वायज एसोशिएशन के छात्रों ने इस दौरान श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर और पैदल ट्रैक पर कूड़ा न फैलाने तथा घाटी को साफ–सुथरा रखने की अपील की। स्वच्छता अभियान के दौरान छात्रों ने तुंगनाथ घाटी से करीब चार कुंतल कूड़ा एकत्रित किया।

प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

आपदा प्रबंधन सचिव डॉक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा है कि बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा और दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी देना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से बच्चे और दुर्घटनाओं में बचाव का काम तेजी से कर सकते हैं। देहरादून के सहस्रधारा रोड स्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में डॉक्टर सिन्हा ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय में प्राथमिक चिकित्सा किसी व्यक्ति की जान बचाने में अहम होती है।

होली

प्रदेश होली के रंग में रंगने लगा है। होली नजदीक आने के साथ ही राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के बाजार सजने लगे हैं। राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में होल्यार घर–घर जाकर होली खेल रहे हैं। बसंत आगमन से होली खेले जाने की यह परम्परा उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में काफी पुरानी है। प्रदेश के कुमाऊं परिक्षेत्र में खेले जाने वाली होली अपने आप में खास है।

चारधाम यात्रा तैयारी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चारधाम यात्रा से जुड़ी तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में श्री धामी ने कहा कि आगामी यात्रा सीजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी।

सबिखी कप– 2024

सेना, नौसेना और वायु सेना की छह प्रमुख अधिकारी प्रशिक्षण अकादमियों के प्रशिक्षुओं की खेल प्रतियोगिता– सबिखी कप–2024 आज संपन्न हुई। प्रतियोगिता में समग्र विजेता भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून रही। वर्तमान संस्करण में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़कवासला, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, गया, वायु सेना अकादमी (एएफए), हैदराबाद और भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), एझिमाला की टीमों ने भाग लिया। देहरादून के भारतीय सैन्य अकादमी में अयोजित इस प्रतियोगिता को पहले हेक्सागोनल मीट के नाम से जाना जाता था, जिसका नाम बदलकर 1991 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के तत्कालीन कमांडेंट, एयर मार्शल डी.एस सबिखी, के नाम पर 'सभिखी कप' कर दिया गया।